An ISO 9001:2015 certified

# झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची

पत्रांकः 03/RMSA-P-VOC-05/2017/Part File-1--3177 दिनांक :...18.8.25...

प्रेषक,

शशि रंजन, भा.प्र.से.
राज्य परियोजना निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/
सभी जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, झारखण्ड।

विषयः 55वीं ऑनलाइन/ऑफलाइन राज्य स्तरीय वार्षिक प्रतियोगिता ''नया भारत गढ़ो'' के संबंध में।

प्रसंगः सचिव, स्वामी भवेशानन्द, रामकृष्ण मिशन आश्रम, राँची द्वारा प्रेषित पत्र Comp/906/241/2025 दिनांक 30.07.2025 के आलोक में।

महाशया/महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में कहना है कि रामकृष्ण मिशन आश्रम, दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र, राँची द्वारा राज्य स्तरीय वार्षिक प्रतियोगिता **'Naya Bharat Gadho-Rebuild a new and vibrant India'** विषय पर सामान्य प्रश्नोत्तरी (Quiz), निबंध प्रतियोगिता (Essay Writing) तथा Recitation का आयोजन कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं एवं कार्यरत शिक्षकों हेतु आयोजित किया जाना है।

उपरोक्त कार्य हेतु रामकृष्ण मिशन आश्रम, दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र, राँची द्वारा उपलब्ध कराये गये बेबसाईट **http://www.rkmranchi.org/competition** पर दिनांक 16.08.2025 से 30.11.2025 तक पंजीयन (निःशुल्क) हेतु उपलब्ध रहेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता दिसम्बर,2025 के प्रथम और दूसरे सप्ताह तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता दिसम्बर,2025 के तीसरे एवं चौथे सप्ताह में आयोजित की जायेगी। **विवरणी संलग्न।**

इस कार्य हेतु अपने स्तर से जिला अन्तर्गत संचालित सरकारी एवं गैर–सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों का निबंधन कराते हुए प्रतियोगिता में अधिकाधिक संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नक : रामकृष्ण मिशन द्वारा प्रेषित पत्र संलग्न।

विश्वासभाजन
18/08/25
(शशि रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांक :–03/RMSA-P-VOC-05/2017/ Part File-1--3177 राँची, दिनांक ...18/8/25...

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सभी क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. सचिव, रामकृष्ण मिशन आश्रम, दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/08/25
(शशि रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक

Scanned with OKEN Scanner